Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 222 ▫ रायपुर, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98



आज पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्लीराधाकृष्णन जयंती

## पठानकोट में पहाड़ दरके, लुधियाना में सेना ने संभाला मोर्चा; बाढ़ से अब तक 43 की मौत



**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (न्यूज चैनल)। पंजाब में बाढ़ महाविनाश का कारण बन रही है। पानी की वजह से अब तक 43 लोगों की मौत हो चुकी है। 23 जिलों के 1902 से अधिक गांव पानी की चपेट में हैं, जिससे 3.84 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। गांवों में बाढ़ग्रस्त लोगों और प्रशासन के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रभावित गांवों में एक-एक गजटेड अफसर नियुक्त करने के आदेश दिए हैं। प्रभावित लोग इन अधिकारियों के साथ अपनी समस्याएं साझा कर सकेंगे।

हिमाचल के ऊपरी क्षेत्रों में हो रही जोरदार बारिश व बादल फटने की घटनाओं के चलते भाखड़ा डैम के जल स्तर में तेजी से होती वृद्धि को देखते हुए बीबीएमबी मैनेजमेंट से चारों फ्लड गेट 9-9 फीट तक खोल दिए।

मिली जानकारी के अनुसार एक लाख से भी अधिक पानी की आमद के साथ भाखड़ा डैम का जलस्तर 1679 फीट पर पहुंच गया था। इस दौरान ट्रबाइनों व फ्लड गेटों के माध्यम से कुल 85 हजार क्यूसेक पानी की निकासी कर सतलुज दरिया के किनारे बसे निचले ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत मचा दी हालांकि डीसी रूपनगर वर्जित वालिया और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने सुबह ही लोगों से अपने अपने घर छोड़ सुरक्षित स्थानों की ओर चले जाने को कह दिया था। भाखड़ा डैम से छोड़े गए 85 हजार क्यूसेक पानी में से नंगल डैम से निकलने वाली नंगल हाइडल व श्री आनंदपुर साहिब हाइडल नहर में 9-9 हजार जबकि सतलुज दरिया में 67 हजार क्यूसेक पानी जा रहा है जिससे हर्षा बेला, पत्ती दुचली, पत्ती टेक सिंह,सैंसोंवाल,एलगरां, बेला ध्यानी, बेला ध्यानी लोअर, बेला राम गढ़, शिव सिंह बेला, प्लासी, सिंघपुरा, जोहल, तर्फ मजारी, भलाण, कलित्रा, दड़ोली लोअर व दबखेड़ा में खतरा बढ़ गया है।



रायपुर- देशभर में आज ईद-ए-मिलादुन्नबी बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। लोग सब एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी का इजहार कर रहे हैं। इस अवसर पर राजधानी में जुलूस निकाला गया।

## कच्चे मकान की दीवार गिरने से मासूम की मौत, दादी की हालत गंभीर



**जगदलपुर,** 5 सितंबर (हाईवे चैनल)। बीती रात एक कच्चे मकान की दीवार गिरने से 14 वर्षीय छात्र लोकेश नाग की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मृतक की दादी गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना की सूचना पर सुबह पुलिस मौके पर पहुंची. यह घटना बस्तर जिले के अलनार की है।

दरअसल चार कमरे के कच्चे घर में परिवार के 10 सदस्य सो रहे थे। रात करीब ढाई बजे अचानक दीवार ढह गई और मलबे में बच्चा व दादी दब गए। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बच्चे की जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना सुबह नानगुर तहसील को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, लेकिन डॉक्टरों की अनुपस्थिति के चलते परिजनों को करीब 5 घंटे इंतजार करना पड़ा। मजबूरन शव को डिमरापाल अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया। वहीं दादी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है।

## डेरी गड़ाई रस्म के साथ आज से शुरु होगा बस्तर दशहरा

**जगदलपुर,** 5 सितम्बर (हाईवे चैनल)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व का शुभारंभ 5 सितम्बर को डेरी गड़ाई विधान से होगा। सिरहा सार भवन में आयोजित इस रस्म के दौरान 10 फीट लंबी सरई की लकड़ी का पूजन कर उस पर हल्दी और नया कपड़ा बांधा जाएगा। यह लकड़ी बिरिंगपाल गांव से लाई गई है। इसके बाद 21 सितम्बर को काछन गादी, 23 सितम्बर को कलश स्थापना और जोगी बिठाई रस्में होंगी। वहीं 24 से 29 सितम्बर तक फूल रथ परिक्रमा का आयोजन होगा। दशहरा की यह परंपरा न केवल बस्तर बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आकर्षण का केंद्र है।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस की इमरजेंसी लैंडिंग, 161 यात्री अंदर सवार

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (न्यूज चैनल)। आज इंदौर एयरपोर्ट पर एक बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान की हवा में ही एक इंजन बंद हो गया जिसके बाद विमान की इंदौर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस विमान में 161 यात्री सवार थे जो सभी सुरक्षित हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस का यह विमान दिल्ली से इंदौर पहुंच रहा था। बताया जा रहा है कि उड़ान के दौरान अचानक विमान का एक इंजन खराब हो गया और काम करना बंद कर दिया। पायलट ने तुरंत विमान के कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी और इंदौर एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग की अनुमति मांगी। इंदौर एयरपोर्ट पर तुरंत सभी जरूरी इंतजाम किए गए। एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां अलर्ट पर थीं। पायलट ने अपनी सूझबूझ से विमान को सफलतापूर्वक लैंड कराया। विमान के सुरक्षित उतरने के बाद सभी 161 यात्रियों को विमान से बाहर निकाला गया। इस घटना के कारण यात्रियों में कुछ देर के लिए दहशत फैल गई थी लेकिन सभी के सुरक्षित होने की खबर से उन्होंने राहत की सांस ली। फिलहाल विमान की तकनीकी जांच की जा रही है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि इंजन में आई खराबी का पता लगाया जा रहा है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हवाई सफर में पायलट की सूझबूझ और एयर ट्रैफिक कंट्रोल का सहयोग कितना जरूरी है

## रातोंरात बंद किए फेसबुक और यू-ट्यूब जैसे 26 सोशल मीडिया ऐप्स

**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (न्यूज चैनल)। नेपाल सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब सहित कुल 26 सोशल मीडिया ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन ऐप्स को अब नेपाल के लोग एक्सेस नहीं कर पाएंगे। सरकार ने इन कंपनियों से नेपाल में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा था लेकिन समयसीमा खत्म होने के बाद भी कई कंपनियों ने ऐसा नहीं किया। नेपाल के संचार और सूचना मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने बताया कि सरकार ने सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली दो दर्जन कंपनियों को लगातार नोटिस भेजे थे लेकिन उन्होंने खुद को देश में रजिस्टर नहीं करवाया। रिपोर्ट्स के अनुसार इन कंपनियों को रजिस्ट्रेशन के लिए 28 अगस्त तक का समय दिया गया था।

### ब्रेकिंग न्यूज

## अयोध्या में भूटान के प्रधानमंत्री ने रामलला के किए दर्शन



**नई दिल्ली,** 5 सितम्बर (न्यूज चैनल)। भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोबगे अयोध्या के दौरे पर हैं। उन्होंने भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए और परिसर में मौजूद अन्य मंदिरों में भी दर्शन-पूजन किया। यहां से उनका काफिला होटल रामायणा के लिए रवाना हो गया। जहां वह कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साक्षी बनेंगे। इन कार्यक्रमों का आयोजन खास तरह से भूटान की पारंपरिक शैली में किया जाएगा। यहीं पर दोपहर का विशेष भोज आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोबगे अयोध्या एयरपोर्ट से सीधे राम मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने करीब 1 घंटे 40 मिनट तक राम जन्मभूमि परिसर में बिताया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्त सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और उत्तर प्रदेश शासन व जिला प्रशासन के साथ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं।

## 7 सितंबर की रात को लगेगा पूर्ण चंद्र ग्रहण



**रायपुर,** 5 सितंबर (हाईवे चैनल)। पूर्ण चंद्र ग्रहण एक दुर्लभ और मनमोहक घटना है जो 7-8 सितंबर, 2025 की रात को घटित होगी। इस खगोलीय नज़ारे के दौरान, चंद्रमा पूरी तरह से पृथ्वी की छाया में होगा और लगभग 82 मिनट तक गहरे लाल रंग की चमक बिखेरता रहेगा। ऐसा नज़ारा पूरे भारत में आकाश प्रेमियों को प्रभावित करेगा। चूंकि यह असाधारण घटना मेष से लेकर मीन तक, प्रत्येक राशि को प्रभावित करती है, इसलिए इस दौरान आपकी राशि में भावनात्मक बदलाव आ सकता है।

## सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक ध्रुव व द्विवेदी पुलिस मुख्यालय में बनाए गए ओएसडी

**रायपुर,** 5 सितंबर (हाईवे चैनल)। राज्य शासन के गृह (पुलिस) विभाग द्वारा बी0 एस0 ध्रुव (सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक) एवं श्री एस0 सी0 द्विवेदी (सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक) को छ0ग0 सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के नियम 4 (4) में विहित प्रावधान के तहत् कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) पुलिस मुख्यालय, छ0ग0 रायपुर के रिक्त असंवर्गीय पद के विरूद्ध 01 वर्ष की अवधि अथवा आगामी आदेश तक जो भी पहले हो, के लिए संविदा नियुक्ति प्रदान किया है। संविदा की सेवा शर्ते पृथक से जारी की जावेगी।

## दंतेवाड़ा सीमा पर मुठभेड़ जारी, कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर

**नारायणपुर,** 5 सितम्बर (हाईवे चैनल)। बस्तर में एक बार फिर सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. सूत्रों के हवाले से मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है. हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. नक्सलियों की मीटिंग और जमावड़े की सूचना पर सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन लांच किया है.

## जोखिम में बच्चों की जान: टूटी पुलिया.. उफनती नदी पार कर स्कूल जाने को मजबूर



### नाराज हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान कहा- ऐसी स्थिति स्वीकार नहीं

**रायपुर,** 5 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग, विशेष रूप से दंतेवाड़ा और आसपास के जिलों में स्कूली बच्चे टूटी पुलिया और उफनती नदियों को पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं। इस गंभीर और संवेदनशील मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान इसे बच्चों की जिंदगी से जुड़ा अहम मुद्दा करार दिया और कहा कि ऐसी स्थिति को लंबे समय तक बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

यह मामला तब सुर्खियों में आया जब मीडिया में बच्चों की तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए, जिसमें वे जान जोखिम में डालकर पानी से भरी नदियों और टूटी पुलियों को पार कर स्कूल जाते दिखे। इन खबरों को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया और राज्य सरकार को तलब किया।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल ने कोर्ट को बताया कि बड़े पुल के निर्माण के लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। केंद्र ने तकनीकी आपत्तियों के आधार पर 12 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा था, जिसका जवाब कांकेर कलेक्टर ने तैयार किया। इसके बाद 20 अगस्त 2025 को संशोधित डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) गृह मंत्रालय को भेज दी गई है। सरकार ने आश्वासन दिया कि केंद्र से मंजूरी मिलते ही निविदा प्रक्रिया शुरू कर पुल निर्माण का कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा। हाईकोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि अखबारों में लगातार ऐसी खबरें छप रही हैं, जहां बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे हैं। कोर्ट ने इसे असहनीय और अस्वीकार्य करार देते हुए राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए। कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि वह केंद्र सरकार के साथ हुई बातचीत और अब तक की कार्रवाई का ब्योरा नए शपथपत्र के जरिए पेश करे। मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर 2025 को होगी, जिसमें सरकार को केंद्र से हुई प्रगति की जानकारी देनी होगी।

